हिन्दुस्त

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा यूपी का तराई क्षेत्र

■ अरुण चट्ठा

नई दिल्ली। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से यूपी और उत्तराखंड के तराई क्षेत्र को सीधे जोड़ा जाएगा। इससे देवभूमि उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल वाले इलाकों में जाने में आसानी होगी। साथ ही यूपी के पिछड़े जिले एक्सप्रेसवे के रास्ते विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे के एलाइनमेंट को लेकर यूपी सरकार के ताजा प्रस्ताव पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया गंभीरता से विचार कर रही है। मौखिक सहमति भी बन चुकी है। जल्द ही मंत्रालय के साथ इस पर बैठक होनी है। अलाइनमेंट में बदलाव से नेपाल से सटे अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर तक एक्सप्रेसवे के रास्ते सामरिक दृष्टि से आपात स्थिति में सैन्य साजो सामान को पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। बीते दिनों एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों की यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक हुई, जिसमें यूपी से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट पर विस्तार से चर्चा की गई।